तेरे रहते क्यों झोली ये खाली है मां

तेरी रहते क्यों झोली ये खाली है मां,
तू तो ममता लूटाने वाली है मां....

तेरे भंडारे में ना कमी कोई है,
मेरी किस्मत ना जाने कहां सोई है,
तेरी हर बात सबसे निराली है मां,
तू तो ममता लूटाने वाली है मां.....

बड़ी मुश्किल से पाया तेरा द्वार है,
पूरा करने को अपना यह संसार है,
तेरी चौखट खड़ा एक सवाली है मां,
तू तो ममता लूटाने वाली है मां.....

मेरी झोली भरेगी इसी द्वार से,
बड़ा विश्वास है मां तेरे प्यार से,
मेरी बगिया की तू ही तो माली है मां,
तू तो ममता लूट आने वाली है मां.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28930/title/tere-rehte-kyu-jholi-ye-khali-hai-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |